## महत्वपूर्ण एवं खास

### मैनपाट में कड़ाके की ठंड : 3 डिग्री पहुंचा पारा, दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे लोग

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसके कारण यहां का तापमान 6.9 डिग्री पारा पहुँच चुका है। तो वहीं मैनपाट में भी पारा 3 डिग्री चला गया है। साथ ही मैनपाट के कई क्षेत्रों में ओस की बूंद गिरने से पेड़- पौधों में जम गई है। जिससे प्रकृति का सुंदर नज़ारा भी देखने को मिल रहा है। हड्डियां गला देने वाली ठंड में उत्तरी हवा के प्रवाह को सरगुजिया ठंड भी पलटवार कर रहा है। कड़ाके की ठंड के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सभी स्कूलों के समय पर बदलाव किया है। पिछले 48 घंटों में रात के तापमान में आई 5.6 डिग्री की गिरावट आई है।

### पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में 2 माओवादी का मार गिराया

**बीजापुर (आरएनएस)।** डीआरजी, कोबरा 210 और 168 वाहिनी केरिपु यंग प्लाटून की संयुक्त टीम के साथ आज सुबह बासागुड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत नेण्ड्रा-पुन्नुर के जंगलों में हुए मुठभेड़ में 02 माओवादी हुए ढेर। मौके से 02 12 बोर गन, 01 भरमार, प्रिंटर, पि्, माओवादी वर्दी, साहित्य, विस्फोटक तथा अन्य माओवादी सामग्री बरामद। थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत नेण्ड्रा-पुन्नुर में मद्देड़ एरिया कमेटी के सशस्त्र माओवादियों के साथ विगत दिनों थाना बासागुड़ा तर्रेम क्षेत्र में हुए ग्रामीणों की हत्या में शामिल माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, कोबरा 210 एवं यंग प्लाटून 168 वाहिनी केरिपु की संयुक्त टीम दिनांक 12/12/2024 की रात्रि में नेण्ड्रा-पुन्नुर की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान आज सुबह 7.30 बजे पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ हुई जिसमे 02 माओवादी मारे गये। मुठभेड़ समाप्त होने के पश्चात मौके की सर्चिंग करने पर घटनास्थल से, प्रिंटर, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ है। घटना में मारे गए माओवादियों की शिनाख्तगी एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही थाना बासागुड़ा द्वारा की जा रही है। विस्तृत जानकारी पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी।

### रद्द सारनाथ एक्सप्रेस कुंभ मेले के लिए 17 से पुन: पटरी पर

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जाने वाले रेल यात्रियों की मांग को ध्यान रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा रद्द की गई सारनाथ एक्सप्रेस का किया जायेगा पुन: परिचालन। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़ के नियंत्रण हेतु रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलबध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। जो कि रायगढ़, बिलासपुर एवं दुर्ग स्टेशनों से चलायी जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 से 27 फरवरी, 2025 के बीच पूर्व में ही इस गाड़ी को कोहरे की अग्रिम आशंका के कारण कुछ तिथियों में रद्द किया गया था। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जाने वाले रेल यात्रियों की मांग को ध्यान रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा रद्द की गयी सारनाथ एक्सप्रेस को 17 दिसम्बर, 2024 से पुन: नियमित परिचालन शुरू किया जा रहा है।

### सौर ऊर्जा का काम दिलाने के नाम पर 4 करोड़ से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** मेसर्स रामेंट साल्यूशन फर्म को सौर ऊर्जा का काम दिलाने का झांसा देकर शासन से लाभ लेकर अपने फर्म में उपयोग कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलजीत सिंह खुराना 62 वर्ष मेसर्स रामेंट साल्यूशन श्रद्धा कॉम्पलेक्स आरकेसी के सामने रायपुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि आरोपी आदित्य मल्होत्रा ने प्रार्थी को जम्मू कश्मीर में सौर ऊर्जा का काम दिलाने के नाम पर सौर ऊर्जा का मटेरियल अपने फर्म के उपयोग में लोकर शासन से लाभ सहित 2 करोड़ 38 लाख 36 हजार 435 रुपए प्राप्त कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# हेल्थ केयर ड्रोन डिलीवरी नेटवर्क का हुआ सफल परीक्षण

**❐ जिले के सुदूर क्षेत्र में पहुंच सकेगी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं**

रायगढ़




ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में चिकित्सा में सीमित परीक्षण, अत्यावश्यक दवाओं की जरूरत को तत्काल पूरा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवाएं में विस्तार जारी है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर क्षेत्रों में बन सके इसके लिए नई ड्रोन तकनीक का प्रयोग आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में किया गया। जिसके तहत आज सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने ड्रोन के माध्यम से तमनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आवश्यक दवाईयां भेजी जो शासकीय कन्या स्कूल ग्राउंड में उतारा गया। जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार से ब्लड सेम्पल भेजा गया जो सफलता पूर्वक अपने गंतव्य रायगढ़ तक पहुंचा। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ.दिनेश पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानू पटेल, बीएमओ तमनार डॉ.डी.एस.पैकरा, डीपीएम रंजना पैकरा, बीपीएम तमनार घनश्याम प्रधान एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राज्य के साथ जिले में हेल्थकेयर ड्रोन डिलीवरी नेटवर्क का सफल परीक्षण किया गया। यह तकनीक विशेष रूप से पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं आपातकालीन स्थिति में तेजी लाने के लिए विकसित की गई है। इस ड्रोन नेटवर्क की मदद से ब्लड सैंपल और आवश्यक दवाइयां उन इलाकों में समय पर पहुंचाई जा सकेंगी, जहां सड़क कनेक्टिविटी या ट्रैफिक की समस्याएं बाधा बनती हैं।

**रायगढ़ में हुआ हेल्थकेयर ड्रोन डिलीवरी नेटवर्क का सफल परीक्षण**

रायगढ़ से तमनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक ड्रोन के जरिए दवाइयां भेजी गई। वहां से ब्लड सैंपल को कलेक्ट कर वापस रायगढ़ लाया गया। यह प्रक्रिया महज 18-15 मिनट में पूरी हुई। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने कहा कि इस तकनीक से ब्लड सैंपल भेजने पश्चात उनकी रिपोर्ट 1-2 घंटे के भीतर ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे मरीजों को त्वरित इलाज देने में सहायता मिल सकती है।

**दूरस्थ अंचलों में मिल सकती है आपातकालीन मदद**

हेल्थकेयर ड्रोन डिलीवरी नेटवर्क उन इलाकों में जहां सड़क कनेक्टिविटी और ट्रैफिक की समस्याएं हैं, उनको प्रमुख चिकित्सा केंद्रों से जोड़ा जा सकता है, जिससे आपातकालीन सेवाओं में सुधार होगा और जीवन रक्षक दवाइयां समय पर पहुंचाई जा सकेंगी।

## आम निर्वाचन 2024-25 हेतु सीटों के आरक्षण की कार्यवाही 17 एवं 19 दिसम्बर को

रायगढ़

छ.ग.पंचायत राज अधिनियम 1993, छ.ग.पंचायत (उप सरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष)निर्वाचन नियम, 1995 एवं छ.ग.पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच/पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही के प्रयोजन हेतु विकासखण्डवार तिथि एवं स्थान निर्धारित किया गया है।

कार्यालय कलेक्टर (पंचायत शाखा), रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड रायगढ़ के सरपंच/पंच पद के लिए 17 दिसम्बर 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे आरक्षण की कार्यवाही होगी। इसी तरह विकासखण्ड लैलूंगा के सरपंच/पंच पद के लिए 17 दिसम्बर को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से, विकासखण्ड तमनार के सरपंच/पंच पद के लिए 17 दिसम्बर को कलेक्टर न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से, विकासखण्ड खरसिया के सरपंच/पंच पद के लिए 17 दिसम्बर को अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से, विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत सरपंच/पंच पद के लिए 19 दिसम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से, विकासखण्ड घरघोड़ा के सरपंच/पंच पद के लिए 19 दिसम्बर को कलेक्टर न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से, विकासखण्ड धरमजयगढ़ के सरपंच/पंच पद के लिए 19 दिसम्बर को अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से आरक्षण की कार्यवाही होगी।

इसी तरह जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य पद एवं समस्त जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 19 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से आरक्षण की कार्यवाही होगी।

## शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

रायगढ़



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने शीत लहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि शीतलहर दिसम्बर और जनवरी में घटित होती है। जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गों और 5 वर्ष के छोटे बच्चों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बघेर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है।

**शीतलहर की स्थिति में क्या करें, क्या न करें-** जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें, अति आवश्यक कार्य होने पर बाहर निकलें। शीतलहर से बचाव हेतु टोपी और मफलर का भी उपयोग किया जा सकता है अथवा सिर व कान ढंककर रखें। मौसम से संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुने। यदि बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होता है ऐसी स्थिति में फ्रीज में खाने के सामान को 48 घंटों से अधिक न रखें। यह भी सुनिश्चित करें कि पॉवर सप्लाई आपातकाल में भी रहे। ऐसे आवास का उपयोग करें जहां तापमान सही रहता हो, आवश्यकतानुसार गर्म पेय पीते रहें। वृद्ध व्यक्तियों का ध्यान रखें तथा उनको अकेला न छोड़ें। स्वास्थ्यवर्धक खाने का उपयोग करें। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव 'शरीर पर दिखाई दें-जैसे नाक कान लाल हो, पैर हाथ की उंगलियां भी लाल हो तो तत्काल स्थानीय चिकित्सक से परामर्श लें। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में परेशानी हो, तो ऐसी स्थिति में तत्काल स्थानीय चिकित्सक से परामर्श लें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली जिंदगी के मायने, कच्चे घरों से पक्के आशियाने तक का सफर

**❐ पीएम आवास से परिवार को मिल रही सुरक्षा**

रायगढ़



प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है। मिट्ठुमुड़ा जूटमिल की शारदा बरेठ और छातामुड़ा नाका बस्ती के बाबूलाल सिदार जैसे लोग जो कभी कच्चे मकानों में मुश्किल हालात का सामना कर रहे थे, लेकिन आज पीएम आवास योजना की बदौलत पक्के और सुरक्षित मकानों में जीवन यापन कर रहे हैं। सीमित आय और संसाधनों के बीच अपने घर का सपना पूरा करना उनके लिए असंभव था, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन के तकलीफ को दूर कर सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान कर रही है।

वार्ड क्र. 31 मिट्ठुमुड़ा जूटमिल, रायगढ़ निवासी शारदा बरेठ ने बताया कि वह लाँड्री का कार्य करती है जिससे केवल परिवार का भरण पोषण ही हो पाता है। जिसमें बचत की कोई गुंजाईश नहीं होती। पति एवं बच्चों के साथ वे अपने कच्चे मकान में रहते थे जिसकी हालत बहुत खराब थी। जिसमें बरसात एवं ठंड में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वे इतने सक्षम नहीं थे कि स्वयं के खर्च से पक्का मकान बना सके, पक्के मकान बनाने की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। इसी दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी होने एवं फार्म भरने के पश्चात् स्वीकृति मिली तो उन्होंने अपने कच्चे मकान को तोड़कर पक्का मकान बनाया। आज उनका पूरा परिवार पक्के मकान में पूरी तरह सुरक्षित महसूस करते है।

रायगढ़ के बाबूलाल सिदार ने बताया कि वार्ड क्र. 34 छातामुड़ा नाका बस्ती में अपने परिवार के साथ रहते है। बाबूलाल दैनिक मजदूरी का काम करते है जिससे परिवार का रोजी रोटी ही चल पाता है। योजना का लाभ मिलने से पहले कच्चे छत वाले मकान में रहते थे लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बन चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के संचालन से आज स्वयं का पक्का मकान नहीं बना पाने वाले लोगों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना उनके घर के सपने को पूरा कर रहा है।

## रायगढ़ में बदमाशों पर पुलिस की सख्त कार्यवाई जारी : कोतरारोड़ पुलिस ने मारपीट, उत्पात मचाने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के सख्त निर्देश पर जिलेभर में अपराध और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में कोतरारोड़ थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है।

टीपाखोल डेम मारपीट: डीजे में गाना बदलने की बात पर झड़प

टीपाखोल डेम पर 6 दिसंबर की शाम को एक बर्थडे पार्टी के दौरान डीजे में गाना बदलने की बात पर तीन बदमाशों ने उत्पात मचाया। प्रार्थी अरविंद चंद्रा ने बताया कि उसका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे तभी दीपक वर्मा ने गाना बदलने का दबाव बनाया, जिसे मना करने पर वह अपने साथियों सागर दास और आशीष लकड़ा के साथ लौट आया और गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया।

दीपक वर्मा ने अपने हाथ में मौजूद सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया, जिसमें अरविंद के दोस्त राहुल गढ़वाल घायल हो गए। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए थे। कोतरारोड़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को धर दबोचा।

पुलिस ने अप.क्र. 492/2024 के तहत धारा 296, 351 (2), 115 (2), 3(5) BNS और 118 (1) BNS के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों से चाकू जब्त कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

किरोड़ीमल नगर में शराब भट्टी के पास उत्पात, एक युवक गिरफ्तार

किरोड़ीमल नगर शराब भट्टी के पास एक युवक बीरू उर्फ प्यारे लाल चौहान लोगों से गाली-गलौच और झगड़ा कर रहा था। सूचना मिलते ही कोतरारोड़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को शांत करने की कोशिश की, लेकिन वह और अधिक उग्र हो गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धारा 170 BNSS/126 और 135(3) BNSS के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई इसी मुहिम का हिस्सा है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस की टीम

इस कार्रवाई में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक करुणेश राय, जयप्रकाश सूर्यवंशी, शंभू खैरवार, चंद्रेश पांडे, मनोज जोल्हे, संदीप कौशिक और संजय केरकट्टा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रायगढ़ पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## मेरी पॉलिसी मेरे हाथ के तहत बीमित कृषकों को किया गया पॉलिसी वितरण




रायगढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 में धान सिंचित व असिंचित, मूंग, उड़द, मक्का अरहर, मूंगफली फसलों का बीमा जिले के किसानों द्वारा कराया गया है। जिले में कुल 26131 कृषकों ने खरीफ 2024 में बीमा कराया था। जिसके लिए 22311 पॉलिसी पेपर भारतीय कृषि बीमा कंपनी क्षेत्रीय कार्यालय पंडरी, रायपुर से प्राप्त हुआ था। उक्त समस्त पॉलिसी पेपर बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के सहयोग से मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत शत- प्रतिशत वितरण किया गया।

## परिवहन उप निरीक्षक पद के लिए 17 दिसम्बर को होगा साक्षात्कार

सारंगढ़ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परिवहन विभाग में परिवहन उप निरीक्षक (तकनीकी) पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार 17 दिसम्बर 2024 को होगा। परीक्षा नियंत्रक लोक सेवा आयोग से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन उप निरीक्षक के कुल 15 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम 3 अक्टूबर 2024 को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर वर्गवार और उपवर्गवार 45 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया गया है। साक्षात्कार दो पालियों में होगी, जिसमें प्रथम पाली सुबह 10 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार से एक दिन पूर्व 16 दिसंबर 2024 को चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन भी दो पालियों में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे (प्रथम पाली) और दोपहर 1:30 बजे (द्वितीय पाली) आयोग कार्यालय में रिपोर्ट करना होगा। सत्यापन प्रक्रिया में अनुपस्थित रहने वाले या अर्हता पूरी न करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निःशक्तजन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पहचान पत्र और अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र मूल प्रति और स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा। सभी प्रमाण पत्रों का जारी तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक सुनिश्चित होना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद जारी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। दस्तावेजों की कमी की स्थिति में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

## महतारी वंदन की राशि से दुलेश्वरी ने आटा चक्की खरीद, शुरू की स्वरोजगार

सारंगढ़-बिलाईगढ़



सुशासन का 1 साल में जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुतिउरकुली की रहने वाली दुलेश्वरी बाई साहू ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव किया है। दुलेश्वरी को इस योजना के तहत 1,000 रुपये की सहायता राशि मिली, जिसे उन्होंने समझदारी से उपयोग किया और अपने परिवार के आर्थिक स्थिति को सुधारने का एक बड़ा कदम उठाया। दुलेश्वरी ने इस धनराशि को अन्य छोटी बचतों के साथ मिलाकर अपने घर में एक आटा चक्की मशीन खरीदी। इस मशीन से उन्होंने न केवल अपने परिवार की जरूरतों को पूरा किया, बल्कि गांव में सेवा प्रदान करके अतिरिक्त आय का स्रोत भी शुरू किया। इस आटा चक्की के जरिए दुलेश्वरी बाई अपने गांव के लोगों के लिए ताजा और गुणवत्तापूर्ण आटा उपलब्ध करा रही हैं। इसका सीधा असर उनकी आमदनी और परिवार की आर्थिक स्थिति पर पड़ा। अब वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन चुकी हैं। दुलेश्वरी बाई ने महतारी वंदन योजना और राज्य सरकार की पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही है। दुलेश्वरी बाई ने अपनी जिंदगी में सरकारी योजनाओं का सही और सार्थक उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसका प्रमाण दिया है। उनकी मेहनत और संकल्प ने उन्हें अपने परिवार और समाज में सम्मान दिलाया। यह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है, जो अपनी पारिवारिक स्थिति को आर्थिक रूप से संबल देने के लिए प्रयासरत हैं। महतारी वंदन योजना ने न केवल दुलेश्वरी की आर्थिक स्थिति सुधारी, बल्कि स्वरोजगार की शुरुआत की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480